## सांसद ने आइआइटी इंदौर में किया संवाद

# जीडीपी केंद्रित सोच से विकास का मॉडल करना है तैयार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** वर्ष 2030 तक इंदौर की जीडीपी को दोगुना करने और शहर को रहने के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ शहर बनाने के उद्देश्य से आइआइटी इंदौर में विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी ने विद्यार्थियों और प्रोफेसरों से विस्तृत चर्चा की।

आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, किसी लोकसभा क्षेत्र की जीडीपी को डबल करने का यह विचार बेहद अभिनव और दूरदर्शी है। तकनीक, नवाचार और अपस्किलिंग से इंदौर नई आर्थिक ऊंचाई प्राप्त कर सकता है और इसमें आइआइटी इंदौर अहम भूमिका निभा सकता है।

सांसद ने कहा, यहां की प्रतिभा और शोध हमारे औद्योगिक विकास में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ बुनियादी ढांचे का विकास नहीं, बल्कि जीडीपी केंद्रित सोच से विकास का नया मॉडल तैयार करना है। टेक्नोलॉजी को क्षेत्रीय स्तर पर लागू करने के लिए नए प्रयोगात्मक प्रोजेक्ट्स शुरू किए जाएं। साथ ही युवाओं को स्टार्टअप और रिसर्च-आधारित इंडस्ट्री में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने रोजगार, स्टार्टअप कल्चर, पर्यावरण, लोकल मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन से जुड़े सुझावों को साझा किया। सांसद ने कहा, आइआइटी इंदौर के साथ मिलकर टेक्नोलॉजी आधारित कार्यशालाएं और पायलट प्रोजेक्ट्स शुरू किए जाएंगे।